दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 125 मुरादाबाद 31 August 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## सूखे से निपटने के लिए योगी सरकार का अहम फैसला, 62 जिलों में लगेंगे 2100 राजकीय नलकूप

उत्तर प्रदेश में वर्षा कम होने पर भी अन्नदाता की उपज प्रभावित नहीं होगी। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 62 जिलों में 2100 राजकीय नलकूप लगाए जाएंगे। इसका लाभ लघु व सीमांत किसानों को मिलेगा। राजकीय नलकूप निर्माण परियोजना पर 84198.83 लाख रुपये खर्च किए जाने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुहर लगा दिया है। परियोजना इसी वर्ष से शुरू होकर अगले वर्ष 2023-24 में पूरी हो जाएगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि जनप्रतिनिधि, किसानों की मांग पूरा करने के लिए सरकार प्रदेश में सिंचाई की क्षमता बढ़ाने जा रही है। एक क्यूसेक क्षमता के नए राजकीय नलकूप 62 जिलों में लगाए जाएंगे।



इन भूगर्भ जल सुरक्षित विकासखंडों में 2100 नए राजकीय नलकूपों के निर्माण की परियोजना गठित की गई है। इस योजना के तहत किसी डार्क या ग्रे ब्लाक में नलकूप स्थापित नहीं किए जाएंगे। कृषि मंत्री ने बताया कि परियोजना के तहत लगने वाले हर नलकूप पर रिमोट सेंसिंग, ड्रिलिंग डेवलपमेंट, पंप हाउस का निर्माण, डिलीवरी टैंक, हेडर व जल वितरण प्रणाली के तहत 1.2 किलोमीटर भूमिगत पीवीसी पाइप लाइन बिछाने, 10 आउटलेट का निर्माण व ऊर्जीकरण का कार्य कराया जाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के पूरी होने पर 50 हेक्टेयर प्रति राजकीय नलकूप की दर से एक लाख 5000 हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता में बढ़ोतरी होगी। परियोजना के तहत राजकीय नलकूपों के निर्माण कार्य से श्रमिकों के लिए 21 लाख मानव दिवस का रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश में अभी तक 87 प्रतिशत नेट क्राप एरिया की सिंचाई की जा रही है। 13 प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है।कुल 143.37 लाख हेक्टेयर में से 107.30 लाख हेक्टेयर की सिंचाई राजकीय व निजी नलकूपों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि 74.90 प्रतिशत क्षेत्रफल में सिंचाई हो रहा है। प्रदेश में कुल 34316 राजकीय नलकूपों से किसानों को सिंचाई की सुविधा दी जा रही है।

## अन्ना हजारे ने शराब नीति पर उठाए सवाल, अरविंद केजरीवाल को नजर आई BJP; साधा निशाना



कभी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के गुरु रहे अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की शराब नीति पर सवाल उठा दिए हैं। एक दशक पहले अन्ना के साथ मिलकर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चलाने वाले अरविंद केजरीवाल को अब उनकी नसीहत के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नजर आ रही है। आप संयोजक ने अन्ना के लेटर पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बीजेपी अन्ना के कंधे पर रखकर बंदूक चला रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि बीजेपी की बात जनता नहीं मान रही है इसलिए वह अन्ना हजारे का सहारा ले रही है। अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से कहा, वे (भाजपा) कहते रहे हैं कि शराब नीति में घोटाला हुआ है, लेकिन CBI ने कहा कि कोई घोटाला नहीं है। जनता इनकी बात नहीं मान रही है तो अब ये अन्ना हजारे जी के कांधे पर बंदूक रख के चला रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि बीजेपी की बात जनता नहीं मान रही है इसलिए वह अन्ना हजारे का सहारा ले रही है। अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से कहा, वे (भाजपा) कहते रहे हैं कि शराब नीति में घोटाला हुआ है, लेकिन CBI ने कहा कि कोई घोटाला नहीं है। जनता इनकी बात नहीं मान रही है तो अब ये अन्ना हजारे जी के कांधे पर बंदूक रख के चला रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि सीबीआई की जांच से कुछ सामने नहीं आया, इस पर अब कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। अब इसकी जांच होनी चाहिए कि वह (बीजेपी) कैसे 20-20 करोड़ देकर दिल्ली में विधायक खरीदना चाहते थे। यदि हम इससे पीछे नहीं भागे तो वे क्यों ऐसा कर रहे हैं।

### अन्ना हजारे ने याद दिलाई पुरानी बातें

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेटर लिखकर उनकी सरकार की नई आबकारी नीति की निंदा की है और लिखा है कि मुख्यमंत्री सत्ता के नशे में चूर लगते हैं। हजारे ने यह भी कहा है कि एक ऐतिहासिक आंदोलन को नुकसान पहुंचाने के बाद जन्मी पार्टी अब दूसरे दलों के रास्ते पर है, जो पीड़ादायी है। हजारे ने कहा कि नई नीति से शराब की बिक्री और खपत को बढ़ावा मिलेगा और भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा। हजारे ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में अपने गांव रालेगण सिद्धि में पूरी तरह शराब प्रतिबंध का हवाला देते हुए अपने पूर्व सहयोगी केजरीवाल को उनकी पुस्तक स्वराज के बारे में याद दिलाया जिसमें शराब पर पाबंदी की वकालत की गई है।

## परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए यूपी में सिमुलेटर टेस्ट, 70 पसेंट नंबर इसी के

योगी सरकार ने यूपी में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए कमर कस ली है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की अहम बैठक में 16 प्रस्तावों को पास किया गया जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ा नया नियम भी शामिल है। इस बैठक में फैसला किया गया कि यूपी में परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए सिमुलेटर टेस्ट देना होगा।

### क्या होता है सिमुलेटर ड्राइविंग टेस्ट?

सिमुलेटर ड्राइविंग टेस्ट एक मशीन से जुड़ा सॉफ्टवेयर है। इस टेस्ट के दौरान आपको ये अहसास होगा कि आप कोई चौपहिया वाहन चला रहे हैं। इसमें आपको स्टेयरिंग, सेफ्टी बेल्ट, वाइपर, डिपर, क्लच, एक्सिलेटर, ब्रेक सहित गाड़ी में मौजूद सारे फीचर्स मिलेंगे। इस मशीन पर बैठकर आपको ऐसा लगेगा जैसे आप सच में गाड़ी चला रहे हैं। ये मशीन एक छोटे से कमरे में लगाया जा सकता है।

## ठेले पर चाट खाते हुए अखिलेश यादव ने ली चुटकी, कहा- अडानी वाला तेल तो नहीं पिला रहे हो?

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समर्थकों के साथ वृंदावन पहुंचे और यहां उन्होंने सड़क पर खड़े होकर चाट का आनंद लिया। इस दौरान अखिलेश यादव ने चाट और गोलगप्पे खाते हुए दुकानदार से पूछा कि इसे बनाने में कौन से तेल का इस्तेमाल करते हो, क्या अडानी वाला तेल पिला रहे हो? इसपर वहां मौजूद सभी लोग ठहाके मारकर हंसने लगे। अखिलेश यादव ने आगे कहा बताओ अडानी भगवान चाट तक पहुंच गए। इसके बाद अखिलेश यादव ने दुकानदार से कहा कि भाई इसमें इमली की चटनी क्यों नहीं डाली? फिर खुद ही कहा कि जब पेड़ ही नहीं बचे तो इमली कहां से आएगी? सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा




है। दरअसल दिल्ली से सैफई जाते हुए अखिलेशय यादव वृंदावन में रुके थे। अखिलेश यादव करीब तीन घंटों तक वृंदावन में थे। अखिलेश यादव को चाट खाता देख कई लोग रुक गए। अखिलेश यादव ने सभी लोगों का अभिवादन किया।

इस दौरान अखिलेश यादव ने कृष्ण जन्माष्टी के दिन हुई भगदड़ को लेकर कहा कि सही समय पर सही कदम उठाए जाते तो इस हादसे को रोका जा सकता था। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अखिलेश यादव ने पूछे गए सवाल में कहा कि बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल,पंजाब या फिर उत्तर प्रदेश हर जगह विपक्ष सरकार के खिलाफ लामबंद हो रहा है। इस दौरान उन्होंने मीडिया को भी नसीहत देते हिए कहा कि मीडिया को भी

# खुटार सीएसची प्रभारी डॉक्टर संदीप वर्मा रहते है नदारद, रोगियों को करना पड़ता है इंतजार

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- सुबह करीब 9-10 बजे और दिन के 12-20 बजे सीएचसी प्रभारी एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप वर्मा अपने रुम में नही मिले, अस्पताल में बैठकर मरीज उनके आने का इंतजार करते दिखे, बाहर से गेट खुला हुआ था और कुर्सी खाली पड़ी हुई थी, नगर का एक व्यक्ति अपने बच्चें का इलाज के लिए डॉक्टर संदीप वर्मा का इंतजार कर रहा था, पूछताछ में व्यक्ति ने बताया कि वह काफी देर से डॉक्टर का इंतजार कर रहा है, लेकिन अभी तक डॉक्टर नही आये है, जिससे मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में बच्चों का इलाज कराना पड़ रहा है,डॉक्टर की लापरवाही बरतने से मरीजों को परेशानियों से गुजरना पड़ता है, जबकि अस्पताल के डॉक्टर संजीव कुमार व अन्य डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी से निभा रहे है, और समय से अस्पताल पहुंच रहे है। अस्पताल में डायरिया, बुखार, खांसी आदि के मरीजों की भरमार रहती है, इसके बावजूद जिम्मेदारी के पद पर बैठे डॉक्टर संदीप वर्मा लापरवाही बरत रहे है। समय से अस्पताल नही पहुंच रहे डॉक्टर संदीप सीएचसी अस्पताल में, डॉक्टर संजीव कुमार, तरुण कुमार और अन्य डॉक्टर समय अनुसार पहुंच रहे है, जिससे मरीजों को कुछ सहूलियत मिल रही है, लेकिन सीएचसी प्रभारी एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप वर्मा के नदारद रहने से बच्चों के इलाज को लेकर कई घंटे इंतजार करना पड़ता है, जबकि अस्पताल का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक है, 22 और 23 अगस्त को भी अस्पताल में मौजूद नही थे डॉक्टर खुटार सीएचसी की जिम्मेदारी का कार्यभार बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप वर्मा पर है, लेकिन अस्पताल के समयानुसार नही पहुंच रहे है,22 और 23 अगस्त को डॉक्टर संदीप वर्मा अपने रुम में नही मिले थे, एक महिला अपने बच्चें को लेकर अस्पताल में डॉक्टर के आने का इंतजार कर रही थी, काफी देर तक डॉक्टर संदीप वर्मा नही पहुंचे तो वापस लौट गई।

# जलाभिषेक के लिए कावरियों की उमड़ी भीड़



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत कांवरिया मधवापुर घाट पर जल भरकर के हजारों की संख्या में बाबा जंगली नाथ पर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए । काफी संख्या में लोगों को देखकर। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह व उप निरीक्षक आरक्षी को तैनात किया गया है तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट उप जिला अधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला भी क्षेत्र का भ्रमण कर रहे है कि किसी प्रकार से कांवरियों को कोई व्यवस्था न हो तथा भक्तों द्वारा मल्हीपुर चौराहा पर प्रसाद वितरण तथा मल्हीपुर खुर्द साधन सहकारी समिति पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश मिश्रा पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश चंद ,ननकू, पृथीपाल सिंह, व अन्य लोगों के सहयोग से प्रसाद वितरण किया गया तथा कांवरिया को जगह-जगह खाने पीने के लिए व्यवस्था भक्तों ने किया साईं गांव चौराहा पर प्रेमचंद जायसवाल पत्रकार ,द्वारा कांवरियों के पंडाल लगाकर खाने पीने की व्यवस्था किया गया । क्षेत्र में कई जगह राप्ती नदी से जल भरकर बाबा जंगली नाथ को जलाभिषेक करने के लिए कांवरिया रवाना हुए राप्ती नदी मधवापुर घाट से जल भरकर कांवरिया गिरंट बाजार होते हुए जलाभिषेक के लिए बाबा जंगली नाथ को रवाना हुए हैं तथा क्षेत्र में पटना बीरगंज मलंग गाव, शिकारी चौड़ा,मल्हीपुर खुर्द, मल्हीपुर कला, आदि कई क्षेत्र के कावरिया राप्ती नदी मधवापुर घाट से जल भरकर जलाभिषेक के लिए कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना किए गए जमुनहा बाजार कानीबोझी , गजोबरी, लक्ष्मणपुर कोठी ,कथरा माफी बन गई ,लाल बोझा ,दरवेश गांव ,लाल बोझा, भवनियापुर ,परसोहना, मधनगरा ,आदि गांव के लोग राप्ती बैराज पर जल भरकर विभूति नाथ पर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए जहां पर कई जगह भक्तों द्वारा पंडाल लगाकर कावरियों के लिए जलपान व प्रसाद वितरण का व्यवस्था किया गया है तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी निरीक्षक क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं कि कहीं पर किसी प्रकार की कांवरियों को असुविधा ना हो सुविधा को ध्यान में रखते शासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किया गया।

# खुटार की ग्राम पंचायत टाह में नहीं पहुंचते सफ़ाई कर्मी



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-विकासखंड खुटार की ग्राम पंचायत टाहखुर्द कला में दो सफ़ाई कर्मियों की तैनाती है, जिनमें एक की तैनाती मजरा ग्राम खानपुर कुर्रैया में है,जहाँ पर झाले होने के कारण सफाई करने के लिए कुछ विशेष नहीं है, लेकिन टाह खुर्द कला की हालत बड़ी ही दयनीय है सरकारी स्कूलों के पास की नालियां बज-बजा रही हैं, किसी भी स्थान पर झाड़ू भी नहीं लग पा रहा है संक्रमण का खतरा पूर्ण रूप से बना हुआ है, सफाई कर्मचारी किसी को कोई सूचना दिये ही बिना गायब रहते हैं, ग्रामीणों के मुताबिक सीधे-सादे ए0 डी0 ओ0 पंचायत के कारण सफ़ाई कर्मी अपनी मनमानी कर रहे हैं।

# हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है स्वच्छ जल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट में एक दर्जन से अधिक हैण्डपंप खराब पडे हैं। ग्रामीणों कहना है। खराब हैण्डपम्पों को सुनने वाला कोई नहीं है । न0 1 नौवापुरवा गांव में ओमकार यादव शिक्षक के घर के पास लगा हैण्डपंप का हत्था कटकर गिर गया है । एक महीने से नल बंद पडा हैं गांव वाले को पानी पीने लिए मुसिबतों का सामना करना पडता हैं। न0 2 धन्नीपुरवा गांव में रमेश कुमार ग्राम पंचायत सदस्य के पास लगा हैण्डपंप एक साल से खराब पडा हैं। इसी धन्नीपुरवा चौराहे पर अययूब के घर के पास लगा हैण्डपम्प करीब तीन साल से खराब पडा हैं। न03 केवटन पुरवा गांव में गांवट माता के स्थान पर लगा हैण्डपम्प पांच महीनों से बंद पडा हैं । लोगों को आज भी शुद्ध पानी पीने के लिए आवश्यकता पडती है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि खराब पडे सभी हैण्डपंपो की सूची बनवाई गई हैं जल्द ही सभी नल ठीक हो जायेंगे । ग्रामीण ओमकार यादव , कुंवर बहादुर यादव , संजय कुमार , बाबादीन , विश्राम वर्मा , सुरेश यादव , बाबू राम , मो 0 सफी , अय्यूब आदि ने हैंडपंप को सही कराने की मांग जिलाधिकारी से की ह

# एक्शनएड द्वारा शिक्षा जागरूकता अभियान व रैली का आयोजन किया गया


लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत लालबोझा के कम्पोजिट विद्यालय लालबोझा ( 1से 8 )में यूनिसेफ के सहयोग से एक्शनएड द्वारा संचालित नई पहल / बाल संरक्षण परियोजना के अंतर्गत सभी बच्चो के लिए समान एवँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए व सभी के सर्वांगीण विकास व भेदभाव रहित सुरक्षित माहौल बनाने के लिए शिक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम पंचायत में बनी किशोरी समूहों व अभिभावकों एस एम सी सदस्यों व के साथ बैठक किया गया किशोरी अभिभावकों व प्रेरको के साथ साथ एक्शनएड से गुलिस्तां आरा,भागीरथी, दिनेश कुमार ,तारिक़ अहमद, शोयब अंसारी, प्रदीप तिवारी,जितेंद्र, दिनेश, उपस्थित रहे

# भारत नेपाल सीमा पर समतलिया एसएसबी कैंप के समीप दिखा तेंदुवा ग्रामीणों में मचा हड़कंप

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-भारत नेपाल सीमा पर कलकलवा तट बंध मार्ग पर नवाबगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुलहरिया के समीप पुलिस चौकी समतलिया व 42 वीं वाहिनी एसएसबी बीओपी चौकी समतलिया के पीछे आज दोपहर 12 बजे के करीब दिखा तेंदुवा तेंदुए को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया मौके पर एसएसबी व पुलिस के जवान मौजूद रहे काफी भीड़ को देखकर तेंदुआ नेपाली क्षेत्र में चला गया । समतलिया पुलिस चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मौके की जानकारी ली जा रही तेंदुवा किस तरफ से आया और किधर गया जिस जगह तेंदुवा देखा गया वहां से अब्दुल्ला गंज जंगल की दूरी एक किलोमीटर है वही एस एस बी बीओपी चौकी समतलिया पर तैनात एक एसआई ने बताया कि तेंदुए को चौकी के पास में गड्ढे में पानी पीते हुए देखा गया उसके बाद जब ग्रामीणों व जवानों की चहलकदमी काफी बढ़ गई तो तेंदुआ बड़ी-बड़ी झाड़ियों से होते हुए चला गया।

# दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए-जिलाधिकारी



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिला सड़क सुरक्षा समितिकी तृतीय बैठक जिला अधिकारी मुरादाबाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा अवगत कराया गया कि नए शासनादेश के अनुसार अब जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के सदस्य- सचिव अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी हो गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी उक्त बैठक के नोडल अधिकारी होंगे। बैठक में दुर्घटनाओं की संख्या, दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या पर विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान दिया जाए। पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ- साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही संपादित करना सुनिश्चित करें। जिन ब्लैक स्पॉट में बजट आ चुका है, निविदाएं आमंत्रित हो चुकी हैं, उनका निर्माण कार्य 15 दिन के अंदर पूर्ण करा दिया जाए। शेष अन्य ब्लैक स्पॉट्स पर बजट की मांग एवं उसकी स्वीकृति होने पर निविदा आमंत्रित कार्यवाही को त्वरित गति से किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित नेक आदमी के विषय में समस्त सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों पर गाइडलाइन को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए। ऐसे नेक आदमियों की सूची परिवहन विभाग को सौंपा जाए, जो गोल्डन आवर में घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद करते हैं। जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाए जाने हेतु रोड इंजीनियरिंग, प्रवर्तन कार्यवाही, शिक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन की जागरूकता अभियान तथा त्वरित एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने आज पर बल दिया। सार्वजनिक सेवा यान से हुई दुर्घटनाओं के प्रकरणों के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित किया कि वे समस्त उप जिलाधिकारियों से जांच रिपोर्ट तत्काल प्राप्त कर लें ताकि उन्हें ताकि उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त प्रतिभूति दिया जा सके। पुलिस अधीक्षक यातायात को हिट एंड रन के दुर्घटनाओं को व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं इंश्योरेंस कंपनी से समन्वय स्थापित करते हुए दुर्घटना में मृतकों को शासन द्वारा अनुमन्य रु0 2,00,000 दिए जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष जिला अधिकारी महोदय द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित समस्त स्टेकहोल्डर्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों से आगामी बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सुझाव आमंत्रित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री आलोक वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री आर के सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अशोक कुमार सहित समिति से समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने विकासखंड भोजीपुरा में पिपरिया गांव में बनी सर्वेश्वरा गौशाला का किया निरीक्षण



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-बरेली- जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने आज विकासखंड भोजीपुरा में पिपरिया गांव में बनी सर्वेश्वरा गौशाला का निरीक्षण किया और गायों को गुण भी खिलाया। जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने गौशाला में उपस्थित चिकित्सकों को निर्देश दिए

कि गौशाला में रह रही समस्त गायों की उचित ढंग से देखरेख की जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला में गायों को लम्पी स्किन रोग को रोकथाम हेतु वैक्सीन की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि गौशाला में गायों के लिये साफ-सफाई तथा हरे चारे की उचित व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी को पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि गौशाला में कुल 33 गाय हैं, जिसमें 5 गायों को लम्पी स्किन रोग से ग्रसित हैं जिन्हें अन्य गायों से अलग रखा गया है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने भोजीपुरा में नवनिर्मित रोड अभयपुर से रिठौरा का भी निरीक्षण किया और संबंधित को अवश्य निर्देश दिए।

# चोर चोरी के बाद खराब हुए लोडर को छोड़कर हुए फरार

प्रदुम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-बिल्हौर -अनाज की दुकान में चोरी के बाद लोडर खराब होने पर चोर लोडर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। बिल्हौर थाना क्षेत्र के रहीमपुर करीमपुर गांव निवासी रिंकू उर्फ रामकिशोर बिल्हौर मकनपुर मार्ग से गांव जाने वाले मार्ग पर स्थित दुकान में अनाज की फुटकर खरीद बिक्री का काम करता है। सोमवार रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा अनाज अपने साथ में लाए लोडरों में लाद लिया और चोरी के बाद वापस जाते समय चंद कदम चलते ही लोडर खराब हो जाने से चोरों ने लोडर पर लदा अनाज पलट दिया और उसके बाद भी लोडर ले जाने में सफल ना होने पर लोडर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। दुकान मालिक को सुबह दुकान पर पहुंचने पर घटना की जानकारी दी सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल के बाद अनाज को दुकानदार के सुपुत्र कर लोड्र को के साथ थाने ले गई। दुकानदार के अनुसार उसका 15 बोरी अनाज व बैटरी सहित अन्य सामान अभी भी गायब है। वहीं पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरों की तलाश शुरू की।

# युवक को विधिक कार्यवाही के बाद भेजा गया जेल



प्रदुम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-बिल्हौर-- कस्बा इंचार्ज आलोक तिवारी मंगलवार सुबह पुलिस टीम के साथ भ्रमण कर रहे थे तभी सूत्रों से मिली सूचना पर उन्होंने कस्बा स्थित नगर पालिका चौराहे पर पहुंचकर कस्बे के अशफ़ाकउल्ला नगर निवासी शान उर्फ सोनू पुत्र इदरीश को घेराव कर पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। इस दौरान युवक ने भागने का भी प्रयास किया किंतु पुलिस के चंगुल से नहीं बच सका। तलाशी में उसके पास से लगभग आधा किलो नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ। चरस के साथ पकड़े गए युवक को थाने ले जाकर विधिक कार्यवाही शुरू की गई। थाना प्रभारी के अनुसार पकड़े युवक को बिजी कार्यवाही के बाद जेल भेजा गया है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बैठक आहूत हुई। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के कार्यों में तेजी लायी जाये, किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।

डीपीआर तैयार कर जो भी वेन्डर चुना जायेगा उसकी कार्य करने की प्रणाली व परफार्मेन्स ठीक हो। ब्लैक लिस्टेड व खराब वेन्डर को कार्य न दिया जाये एवं वेन्डर की विरासत मजबूत हो। कमिश्नर ने कहा कि शहर के एंट्री व एक्जिट प्वांइट पर हुनर हाट जैसे हैण्डीक्राफ्ट व लोकल उत्पाद से संबंधित सामानों का प्रचार-प्रसार किया जाये। हर डार्क जोन को कैमरे से कवर किया जाये। आयुक्त ने आई0सी0सी0सी0के बारे में ऐप की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाईट, स्वास्थ्य सेवाएं को आई0सी0सी0सी0 ऐप इंटीग्रेट किया जाये। इस ऐप के माध्यम से रियल टाइम टेऊकिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। बैठक में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, नगर आयुक्त संजय चैहान सहित मण्डलीय स्तरीय अधिकारी तथा वेन्डर आदि उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Falling rupee

The continuous devaluation of the Indian currency against the US currency surprises us a bit and also makes us think. The value of dollar has gone up to Rs 80.11 in Indian currency. Obviously, this is a record decline, which despite trying to stop it, is not getting success. Economies that are fundamentally strong always benefit, as is the case with the US economy or the US dollar in comparison. The fall in the value of the rupee does not directly affect the common people, but the burden on the industry or especially those who import-export in dollars increases. The growth rate of the US economy is not even two percent yet, while the Indian economy has started growing at a rate of more than six percent. Apart from this, while the Indian economy will grow in the coming year, the US is expected to slow down, but the dollar is getting expensive.


It also explains the difference between developed and developing economies. The euro and pound also declined against the dollar. However, the Chinese currency appears to have some advantages. One dollar is worth 6.92 yuan in Chinese currency. The Chinese currency is strong because of the high US dependence on China. The question arises that why the dollar has increased this time? In fact, the US central bank has indicated to maintain high interest rates for some more time to control inflation there. This means that the available cash or investment in the US economy will decrease, but its demand will increase. As a result of this, the rupee has become 80.11 per dollar as compared to the previous session's close of 79.87. Inflation in the US is growing at the rate of 8.5 percent, while in India at the rate of 6.7 percent. Clearly, the US economy is fundamentally strong despite going through difficult times and the money that moves from there affects the whole world. Since the US is going to have high interest rates for a long time, US investors will be hesitant to expand the business for now.

This is the reason why there is a sell-off in the stock markets of many countries. It is worth noting that the US central bank has increased interest rates four times this year and is to meet again next month. The US dollar has gained seven per cent against the rupee so far this year, so it is not that America is in great advantage and India is in big loss. Still, India should increase its fundamental strength, so that there is no exodus of foreign investment from here. This is also a very critical time for the Indian economy. If there is an increase in the price of crude oil, then it can increase the price of fuel in India. Right now, people have high hopes from the Reserve Bank of India to control inflation and stop the fall of rupee against the dollar. Today inflation and stability in the value of the rupee is more important than ever, as the pace of India's growth is accelerating. The industry should put full emphasis so that the sufferings of the common man do not increase. The Reserve Bank of India should be more proactive than what the Government of India does on its part.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## 'Anandi' of 'Balika Vadhu' raised the mercury of the internet by wearing a bralette with cords, fans swelled after watching the video

Well-known actress of 'Balika Vadhu' fame TV 'Anandi' i.e. Avika Gaur is not interested in any identity today. Avika got a special recognition from house to house with the role of Anandi. Avika's acting in this show was well-liked. Avika, who won everyone's heart with her naughty acts in the show, has become very big and hot today. Along with acting, Avika is also very active on social platforms. She often surprises fans by posting her hot and glamorous pictures and videos. Meanwhile, a bold video of Avika is becoming increasingly viral on social media. This video is being watched time and again on the Internet. The bold look made the fans crazy - Avika Gaur has posted a video of herself on Instagram. In this video, Avika is seen in a very hot look. Seeing the video, it is clear that it is from one of his vacations. During this, Avika is seen walking on the seashore. Talking about the look, Avika has carried a cream and blue color dress during this time. He is wearing a full backless top, which is supported by cords. At the same time, Avika has carried denim short pants. Along with this, Avika has a high pony, which is making her look very beautiful. During this, Avika is seen posing again and again. Her face expression is enough to steal the hearts of the fans. Know Avika Gaur's workfront - Talking about Avika Gaur's workfront, she got a special recognition from 'Balika Vadush'. She appeared as a child artist in this show. Apart from this show, Avika has also appeared in 'Sasural Simar Ka' and 'Lado'. Fans have always liked Avika Gaur's acting in these serials.



## Rakhi Sawant's claim - Sonali Phogat had told about love to PA Sudhir, said - her clothes were removed

The angle of death of X Bigg Boss contestant and BJP leader Sonali Phogat has turned towards murder. Considering the role of his PA Sudhir Sangwan suspicious in this case, its investigation is going on. Rakhi Sawant, who was her fellow contestant in Bigg Boss, has spoken on Sonali's death. Rakhi told that Sonali used to tell that she likes PA Sudhir. At the same time, Rakhi also said that she did not like him, but felt criminal from the beginning. Rakhi claims, told about love - When I came to know about it, it seemed like murder from day one. Sonali ji has been murdered, she was my didi. I had a good time in Bigg Boss. His life was his daughter. His PA was Na Woh Taklu, even there she always told that she loved him. The PAs were friends too. Sonaliji was also telling. What should I say, it is not there, it does not feel good in this world right now. But it is very wrong. Sonaliji was like a world beauty. If she used to eat food, she used to eat a little. He didn't even have a heart attack. Rakhi demanded from the BJP to get justice, what was the issue now that the CBI and the police should investigate. What did you give them in food or drink? I saw she was in a blouse and shorts. His petticoat and sari have been removed. How have their clothes been removed? I was in Dubai I felt so shocked. I sent the video from Dubai. She loved her daughter so much. I was in trauma. She was the leader of Bharatiya Janata Party. How much did you love your party? I request the Bharatiya Janata Party to get the harshest punishment for their killers, Rakhi says that I had doubts about that Sudhir from day one. Rakhi said, I used to get very angry seeing him. I told Sonali Phogat who is she. She said that it is my PA. We're liking, blah-blah. I said he is not a good man. He seemed evil and criminal by his appearance. I am very sorry that the drug was given in the food. What will happen to his daughter? I want that woman and her daughter get justice.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# जुलाई 2021 से चले पटीसन मुकद्दमे में आखिर ईमानदारी को मिली जीत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जनपद एटा के विकास खण्ड अलीगंज में ग्राम गेबर असदुल्लापुर के पंचायत चुनाव में तत्कालीन मतगणना में में हेराभेरी कर रीता पत्नी रवेंद्र को हराकर कविता को विजयी घोषित कर दिया गया था,इस पर बेईमानी की जानकारी होने पर रीता ने एसडीएम अलीगंज के न्यायालय में विद्वान अधिवक्ता अम्बरीष सिंह राठौर के द्वारा जुलाई 2021 को पटीसन दायर की गई थी।उप जिलाधिकारी में लगातार तारीखे पड़ती रही,विपक्षी अधिवक्ता ओमहरी सक्सेना की दलीलों और वादी द्वारा उपलब्ध कराए गए चुनाव मतगणना में हुई हेराफेरी के साक्ष्य को देखते हुए,एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह ने दिनांक27 अगस्त को पुनः मतगणना कराने का आदेश पारित किया,इस आदेश के अनुसार आज दिनांक 29 अगस्त को नोडल अधिकारी विक्रम सिंह चाहर के निर्देशन में वादी पक्ष रीता पत्नी रवेंद्र के विद्वान अधिवक्ता अम्बरीष सिंह राठौर,प्रतिवादी कविता पत्नी देबेन्द्र के अधिवक्ता ओमहरी सक्सेना की उपस्थिति में स्टोर रूम से लाये गए सील्ड बक्से में रखे गए बैलेट बॉक्स को वीडियोग्राफी के साये में खोला गया।उसमें से निकले प्रपत्र 45 में विजेता की संख्या 106 की जगह 186 अंकित किया गया था,इसकी बजह से कुल योग388 की जगह 468 हो रहा था।दोनो अधिवक्ताओं के समक्ष बूथ सँ17 में 12 मतों में दो प्रत्याशियों की मोहर लगी हुई थी,जो कि मतगणना के नियमानुसार कैंसिल मत माने जाते हैं, उनको पूर्व में जीते प्रत्यासी कविता के वोटों में गिन दिया गया था,इसमें वादी पक्ष की रीता के 208 मत सही निकले वाकी प्रतिवादी के 200 मतों में 12 अवैध मत पाए गए।इस तरह वादी रीता पत्नी रवेंद्र के वैध मत 208 और प्रतिवादी कविता पत्नी देवेन्द्र के 200 मत वैध पाए गए।नोडल अधिकारी विक्रम सिंह चाहर के द्वारा रीता पत्नी रवेंद्र को 8 मतों से विजयी बताया गया।लगभग 13 माह चले मुकद्दमे में सत्य की जीत हुई और असत्य हार गया।जीती प्रत्यासी रीता का चुनाव चिन्ह कैरमबोट था,जबकि हारी प्रत्यासी का चुनाव चिन्ह उगता सूरज था।विजयी प्रत्यासी रीता ने मीडिया को बताया कि चुनाव में गड़बड़ी की सूचना मैंने तत्कालीन मतगणना कर्मचारियों को दी थी पर उन्होंने विपक्ष के दवाब के चलते मेरी एक नहीं सुनी तब मुझे न्याय के लिए उपजिलाधिकारी के न्यायालय में शरण लेनी पड़ी, मेरे विद्वान अधिवक्ता ने समस्त साक्ष्य को प्रस्तुत कर उपजिलाधिकारी के न्यायालय में लगातार मेरे साथ हुई नाइंसाफी को खुलकर सामने रखा, उधर विपक्ष के अधिवक्ता कोई भी साक्ष्य नहीं जुटा पाए,इस कारण विद्वान उपजिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने पुनः मतगणना के आदेश दिए,जिसमे आज ईमानदारी से हुई मतगणना में मुझे विजयी घोषित किया गया।रीता ने प्रधान पद पर मिली जीत को असत्य पर सत्य की जीत बताया है।रीता के अधिवक्ता अम्बरीष सिंह राठौर ने मीडिया सर रूबरू होते हुए,बताया कि हमने यह केश जुलाई2021 में उपजिलाधिकारी महोदय के न्यायालय में डाला था,जिसमें सत्यता के आधार पर उपजिलाधिकारी ने अपने विवेक के द्वारा चुनाव में हुई हेराफेरी के साक्ष्यों के आधार पर उचित निर्णय देते हुए पुनः मतगणना के आदेश पारित किए जिसमे हमारे प्रत्यासी को वीडियो ग्राफी के साये में खुले मंच पर हुई मतगणना में 8 मतों से जीत मिली यह अलीगंज एसडीएम मानवेन्द्र सिंह की न्याय प्रक्रिया का एक ऐसा उदाहरण है, जो न्याय की पारदर्शिता को दर्शाता है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में भरा पानीं, औंधे मुहँ गिरे फरियादी व अधिवक्ता



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर को स्वर्ग बनाने के चक्कर में शासन का धन हड़पने बालों ने नगर को किस तरह नरक बना दिया है शायद किसी से छुपा नहीं हैं । कछुआ गति से रेंगता सीवर कार्य और कागजों में चल रही विकास की आँधी से शहर मामूली बारिश के चलते जलमग्न हो उठता है । बाबजूद जनपद के जिम्मेदारों के साथ स्वयं नगर की जनता गाँधी जी के बंदर बनी हुई है । कूड़ा करकट व सिल्ट से चौक नालियां और उबड़ खाबड़ गडडा बन चुकी सड़कें गली गलियारे खुद शहर की बदहाली की दास्तान बयाँ करती पार्टी हो रही हैं । पूर्व के गुजरे दिनों को छोड़ अगर आज के ताजा उदाहरण की बात करें तो चंद समय की बारिश ने जनपद मुखिया कार्यालय परिसर को ही जलमग्न कर दिया, जिसमें कई फरियादी और अधिवक्ताओं ने पटकें खाई

# कई दिन बाद मिड-डे-मील मिलने से खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कस्बा के आरबीएल आर्य इंटर कॉलेज में कई दिन बाद मिड-डे-मील मिलने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। दो दिन से मिड-डे-मील में तहरी छात्र-छात्राओं को मिल रही है। पूर्व में विद्यालय में एनजीओ के माध्यम से आने वाले मिड-डे-मील में दिया जाता था। गड़बड़ी पाये जाने पर बंद कर दिया गया था। राजा का रामपुर के तीनों इंटर कॉलेज में अलीगढ़ के एक एनजीओ से मिड-डे मील देने का काम कराया जा रहा था। जुलाई में आरबीएल इंटर कॉलेज में मिड-डे-मील में पहले दिन ही कीड़े, दूसरे दिन मक्खी निकलने की शिकायत छात्र-छात्राओं ने की थी। जुलाई में तीनों विद्यालयों में मि-ड डे मील देना बंद कर दिया गया था। बीडीआरएस इंटर कॉलेज में एक सप्ताह पूर्व ही खाना बनना शुरू हुआ है।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेलों प्रतियोगिता का किया आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जलेसर/ एटा। जलेसर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर बहुत सारे खेलों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ महविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्र विभा ने मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया, तथा सभी प्राध्यापकों ने पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्र विनोद कुमार ने करते हुए मेजर ध्यानचद्र के जीवन-व्रत पर प्रकाश डाला। वॉलीबॉल की टीमों का परिचय प्राचार्य और वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा प्राप्त कर महाविद्यालय की दो टीम जिसमें एक टीम वर्तमान छात्रों तथा दूसरी टीम पूर्व छात्रों की टीम के मध्य हुआ। जिसमे वर्तमान छात्रों की टीम विजेता रही। मैच के निर्णायक मंडल में श्री हरिकांत व श्री रणवीर कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई। विजेता टीम को मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा तथा खेल के क्षेत्र में काम कर रहे पूर्व छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। जिसमे बंटी- स्वेता- अरुणा- प्रियंका- प्रमोद- सनोज- दुर्वाश- हिमांशी आदि पूर्व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। खेल दिवस का आयोजन क्रीड़ा प्रभारी डॉश्र विजय सिंह चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने खेलों में भाग लेने के लिए छात्र छात्राओं में उत्साह का संचार किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ 0 विष्णु कांत- डॉ 0 नजम उल रफी डॉश्र राहुल भारद्वाज- डॉश्र कविता शर्मा- डॉश्र अनिल- डॉ 0 ओमकार सिंह - डॉश्र गिरेन्द सिंह- डॉ0 दीपाकर- डॉ 0 आशीष श्रीवास्तव- डॉश्र प्रेमसागर- डॉ 0 शालिनी यादव- कर्मचारीगण अजय प्रताप- राजवीर- रामजी- प्रदीप- योगेश- सुनील तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हाईटेक कार्यो के लिए जवानों को दिया गया कम्प्यूटर का प्रशिक्षण,पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण में सम्मिलित जवानों को दिया प्रमाण पत्र

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर थाना-चौकी में पदस्थ जवानों को पुलिस की कार्यप्रणाली में सूचना प्रौधोगिकी की क्षमता बढ़ाने के लिए क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स ( सीसीटीएनएस ) सहित कम्प्यूटर का बेसिक प्रशिक्षण पुलिस कन्ट्रोल रूम सूरजपुर में दिया जा रहा था जिसका समापन सोमवार, 29 अगस्त को हुआ। प्रशिक्षण में सम्मिलित पुलिस जवानों को पुलिस अधीक्षक ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र प्रदाय कर उत्कृष्ट कार्य करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जवानों को कहा कि थाना में जाकर प्राप्त प्रशिक्षण का बेहतर उपयोग कर उत्कृष्ट कार्य करें इससे थाना के कार्यो में गति आएगी, क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत करने एवं अवैध शराब, जुआ व नशे के कारोबार में लिप्त लोगों की जानकारी एकत्र कर कार्यवाही कराने, जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखने एवं थानों के आंकड़ों को सीसीटीएनएस में समय पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, स्थापना प्रभारी पंकज नेमा, एसआई नीलाम्बर मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष पन्ना सहित सीसीटीएनएस शाखा व थाना-चौकी के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सूरजपुर कलेक्टर ने की बिहारपुर चांदनी क्षेत्र का दौरा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर में 30 लाख के लागत बने नवीन कोविड-सेन्टर की फांल सिलिंग टुट कर लाखों रुपए की दवाऐ नुकसान देख भड़की कलेक्टर सूरजपुर जिले के दूरस्थ अंचल बिहारपुर चांदनी क्षेत्र में पूर्व कलेक्टर गौरव सिंह के द्वारा लगातार 15 दिन में जनसंवाद कैम्प लगाकर लगातार सुनवाई की जाती थी स्थानांतरण होने के बाद वर्तमान कलेक्टर सुश्री ईफ्फत आरा ने दूसरी बार बिहारपुर चांदनी क्षेत्र में पहूंची है जहां नावाटोला बार्डर की निरिक्षण की जिसके बाद निर्माणाधीन कॉलेज का बिल्डिंग देखने पहुंची जहां ग्रामीणों ने घटिया निर्माण को लेकर शिकायत दर्ज कराई ग्रामीणों ने कहा घटिया तरीके से निर्माण किया जा रहा है जिस पर कलेक्टर ने जांच कराने की बात कही बिहारपुर कैंपस में जाने के बाद पूर्व कलेक्टर के द्वारा बनाए गए उप ब्लॉक केम्प बंद होने की सूचना ग्रामीणों ने दी जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को फटकार लगाते हुए तत्काल ऑपरेटर और सप्ताह में एक बार जनपद सीईओ को बैठने की निर्देशित किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द बिहारपुर का निरीक्षण करने पहुंची नवनिर्मित 30 लाख की लागत से बने कोविड-सेन्टर का घटिया निर्माण करने से फॉल सीलिंग टूट कर लाखों के दवाओं पर गिरा पड़ा था जिसे देखकर कलेक्टर ने डॉक्टरों पर भड़की इसके बाद कन्या हाई स्कूल के अच्छे छत को देखते हुए निर्माण कराते हुए पंचायत सचिव को कहां फाल सीलिंग कि इसमें आवश्यकता नहीं है पैसे का दुरुपयोग ना करें।

# मंदिर श्री वाराह भगवान एवं केसरी किशोर हनुमान जी महाराज पर धूमधाम से मनाई गई वाराह भगवान की जयंती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ - अचल ताल स्थित बजरंग मार्केट में भव्य मंदिर श्री वाराह भगवान एवं केसरी किशोर हनुमान जी मंदिर पर वाराह भगवान जी की जयंती का पर्व उल्लासमय वातावरण में पूर्ण आस्था के साथ मनाया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी श्री राजाराम मित्र ने वाराह भगवान जी की पाषाण प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम संयोजक नितिन वार्ष्णेय बंदूक वालों ने बताया कि इस अवसर पर चली भजन संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए । इस अवसर पर व्यवस्था में सहयोग के लिए श्री राजाराम मित्र , अटल कुमार वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय बंदूक वाले, रतन कुमार वार्ष्णेय, विपिन राजाजी ,भुवनेश आधुनिक, रंजन वार्ष्णेय किताब वाले , उमा वार्ष्णेय ,सरिता वार्ष्णेय, ममता गुप्ता, वंदना वार्ष्णेय, दीपिका वार्ष्णेय ,अंजना , टीना , प्रशंसा , शुभांगी , यशी , पीहू वार्ष्णेय , कुहू वार्ष्णेय , अभिनव वार्ष्णेय , कल्प वार्ष्णेय , सक्षम वार्ष्णेय , तनिष्क वार्ष्णेय , मोहित वार्ष्णेय , लव वार्ष्णेय , ध्रुव ठाकुर , दीपक चौहान , लालू पाठक , हीरा राजपूत आदि उपस्थित रहे ।

# किसान कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष बने रामनिवास साहू

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी मौर्य के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष पप्पू घनश्याम यादव के द्वारा किसान कल्याण संघ का सूरजपुर जिला अध्यक्ष रामानुजनगर विकासखण्ड अंतर्गत नारायणपुर निवासी रामनिवास साहू को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के पश्चात श्री साहू ने कहा कि किसानों का प्रत्येक समस्या को मैं बेहतर तरीके से उठाने का प्रयास करूंगा व संगठन के द्वारा दिए गए दायित्व का बेहतर ढंग से निर्वहन करुंगा। अभी पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार चल रहा है हम जल्द ही सूरजपुर जिले की कार्यकारिणी एवं ब्लाक कार्यकारिणी का गठन का प्रक्रिया प्रारंभ कर देंगे। इनके नियुक्त को लेकर जिले में हर्ष व्याप्त है।

# जहरीले गैस से दो मजदूरों की मौत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक का सेंट्रिंग खोलने उतरे थे सूरजपुर जिले के रामानुजनगर में सेफ्टी टैंक के जहरीले गैस से दो मजदूरों को मौत हो गई..दरअसल रामानुजनगर के पिवरी चौक के पास शिक्षक बालसाय चक्रधारी के घर में निर्माण कार्य चल रहा था,घर में ही सेफ्टी टैंक बनाया गया था का जिसका सेंट्रिंग खोलने के लिए आज मिस्त्री रघुनाथ सिंह सेफ्टी टैंक में उतरा और ऊपर नहीं आया इसके कुछ देर बाद मजदूरी कर रहे मजदूर मदन राम भी गड्ढे में उतरा वह भी बाहर नहीं आया.. इसे देखकर वहां पर मौजूद लोगों को इसकी सूचना दी और रामानुजनगर पुलिस को देने पर मौके पर पहुंच छड़ और रस्सी के माध्यम से शव को फंसा कर बाहर निकाला कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर ले जाया गया,जहा पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉश डीके विश्वकर्मा ने मौत की पुष्टि करते हुए जहरीली गैस से मौत होना बताया है।

# बघवई मैं बना जुवाडियो का अड्डा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र बिहार पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा बघवई पारा में प्रतिदिन जुआ खेला जाता है। रामविलास तिवारी आ0/ रणधीर राम तिवारी के घर में सुबह ८॰00 बजे से शाम ९॰00 बजे तक करीबन प्रतिदिन जुआ खेलने वालों का जमावड़ा लगा रहता है जिसमें 10 से 20 आदमी एवं स्कूली बच्चे देखने वाले भी रहते हैं जिसमें बच्चों के भविष्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जिसकी सूचना बेचू राम तिवारी आ0/ राधे तिवारी ने मीडिया प्रभारियों को दिया इनका कहना है कि अगर इस पर कोई शासन प्रशासन ध्यान नहीं दिया तो हम उग्र आंदोलन भी करने के लिए तैयार हैं। क्योंकि मोहल्ले के अधिकतर बच्चे लोग जो जुआ खेलने वालों को देखने के लिए एकत्रित होते हैं और गांव के लोगो पर काफी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। और इसका हम बेचू राम तिवारी विरोध करता हूं।